पंजाब केसरी 15/02/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के बी.सी.ए. ए.आई. 5वें सैमेस्टर का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

अम्बाला, 14 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट के बी.सी.ए., आर्टिफिशियल इंटेलिजैंस 5वें सैमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसने संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को एक बार फिर सशक्त रूप से स्थापित किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि में छात्रा प्रगति सेजवार ने 10 सी.जी.पी.ए. प्राप्त कर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा का औसत सी.जी.पी.ए. 8.5 रहा, जो विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक मार्गदर्शन का प्रमाण है।

» प्रगति सेजवार ने हासिल किया 10 सी.जी.पी.ए.

कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. गुरदेव सिंह व प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और हमारे शिक्षकों की समर्पित शिक्षण शैली का प्रतिफल है। आर्टिफिशियल इंटेलिजैंस वर्तमान युग की अग्रणी तकनीक है और हमारे विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन यह सिद्ध करता है कि वे समय की मांग के अनुरूप तैयार हैं। संस्थान सदैव आधुनिक तकनीकी शिक्षा, नवाचार और व्यावहारिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देता रहेगा।

कम्प्यूटर एप्लीकेशंस संकाय की डीन डा. प्रबलीन कौर ने कहा कि बी.सी.ए., आर्टिफिशियल इंटेलिजैंस का शत-प्रतिशत परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि विभाग उद्योग-उन्मुख शिक्षण, प्रोजैक्ट आधारित अध्ययन और नियमित मूल्यांकन पर विशेष ध्यान देता है, जिससे विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित होता है। विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावसायिक रूप से सक्षम और आत्मविश्वासी बनाना है। यह सफलता सामूहिक प्रयास, नियमित मूल्यांकन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।